Be Mains Ready

मेन्स 2021 के लिये समर्पित कार्यक्रम

(8 नवंबर, 2021 से शुरू)

हमने इस प्रोग्राम को दो प्रमुख मुद्दों पर फोकस करते हुए तैयार किया है:

1. जो लोग किसी मेन्स टेस्ट सीरिज़ में शामिल नहीं हुए हैं, उनके लिये यह कार्यक्रम सबसे अच्छा विकल्प है। इस कार्यक्रम का अनुसरण करने से आपको पाठ्यक्रम के सबसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों को सावधानीपूर्वक और पूर्व निर्धारित समय-सीमा के भीतर कवर करने में मदद मिलेगी।
2. जो लोग मेन्स टेस्ट सीरीज़ में शामिल हो रहे हैं, उनके लिये यह कार्यक्रम 7 जनवरी, 2022 से पहले उनकी तैयारी के स्तर को मज़बूत करने और परीक्षण में मदद करने वाला है।

प्रोग्राम का विवरण:

- यह एक निशुल्क पहल है और इस प्रोग्राम को UPSC मानक (अधिक-से-अधिक संभावना के साथ) के प्रश्न प्रदान करने के दृष्टिकोण के साथ तैयार किया गया है।
- "**Be Mains Ready**" प्रोग्राम के तहत आपको अभ्यास हेतु प्रत्येक दिन दो प्रश्न उपलब्ध कराए जाएंगे। ये प्रश्न आगामी मुख्य परीक्षा के लिये आधार निर्माण का कार्य करेंगे।
- इस प्रोग्राम के अंतर्गत प्रश्न सुबह के समय वेबसाइट पर अपलोड कर दिये जाएंगे और सायंकाल (5:00-7:30 PM के मध्य) आपको इन प्रश्नों को हल करने का तरीका या दृष्टिकोण और महत्त्वपूर्ण अध्ययन सामग्री अर्थात् Fodder Points उपलब्ध कराए जाएंगे।
- ऐसा करने के पीछे हमारा उद्देश्य आपको अपने मनचाहे तरीके से उत्तर लिखने के लिये लचीलापन और रचनात्मकता प्रदान करना है। साथ ही हम यह भी सुनिश्चित करना चाहेंगे कि आप हमारे द्वारा उपलब्ध कराई गई सहायक अध्ययन सामग्री अर्थात् Fodder Points का उपयोग कर अपने उत्तरों में विविध आयामों, उदाहरणों, प्रमुख तथ्यों तथा महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल कर उत्तर की प्रस्तुति को और अधिक प्रभावशाली बनाने का प्रयास करेंगे।

- इस प्रोग्राम के तहत **रविवार का दिन निबंध के लिये** निर्धारित किया गया है, इसके लिये हमारा मानना है कि पर्याप्त अभ्यास होने के बाद अन्य विषयों की तुलना में निबंध में कमोबेश आसानी से अंक हासिल किये जा सकते हैं। ऐसे में इसकी अनदेखी करना ठीक नहीं होगा। यहाँ इस बात पर गौर करने की आवश्यकता है कि निबंध के लिये हम सहायक अध्ययन सामग्री अर्थात् Fodder Points प्रदान नहीं करेंगे, हालाँकि आपकी टिप्पणियों (कमेंट्स) के माध्यम से हम शंकाओं और समस्याओं का समाधान करने का प्रयास अवश्य करेंगे।

रिवीज़न

- टेस्ट (जिसमें 10 प्रश्न होंगे) को वैकल्पिक सप्ताह और बाद में BMR के अंत में आयोजित किया जाएगा। पूर्ण टेस्ट (GS 1-4) को आपके निरंतर उत्तर लेखन अभ्यास के उद्देश्य से उपलब्ध कराया जाएगा जो यह सुनिश्चित करेगा कि आप संपूर्ण पाठ्यक्रम को कई बार दोहरा सकें। (इन प्रश्नों के लिये हम आपको Fodder Points उपलब्ध नहीं कराएंगे)

मूल्यांकन

- उम्मीदवारों द्वारा लिखे गए उत्तर का मूल्यांकन Drishti IAS के विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा यदि उत्तर उसी दिन सायँ 5 बजे के निर्धारित समय से पहले लिखा और अपलोड किया गया हो।
- हम सहकर्मी समीक्षा की सराहना करेंगे क्योंकि यह आपको अपने साथियों द्वारा लिखे गए कई उत्तरों को पढ़ने और तदानुसार अपने उत्तरों का मूल्यांकन करने का अवसर प्रदान करता है।

महत्त्वपूर्ण

- Be Mains Ready (BMR) प्रोग्राम में पूछे गए प्रश्न विगत वर्षों के प्रश्न पत्रों का सावधानीपूर्वक विश्लेषण और UPSC द्वारा पूछे जाने की उनकी संभावना के बाद तैयार किये गए हैं।
- इस कार्यक्रम के विषयों का चयन Drishti IAS के विशेषज्ञों द्वारा किया जाता है, जिनके पास एक दशक से अधिक समय से UPSC उम्मीदवारों को मेंटरशिप प्रदान करने का अपार अनुभव है।
- कार्यक्रम के शुरुआती दिनों में प्रश्नों का स्तर सरल रहेगा जो बाद के दिनों में तुलनात्मक रूप से कठिन होता जाएगा। परीक्षा के बदलते स्वरूप को देखते हुए अभ्यास प्रश्नों में मूल और व्यावहारिक दोनों प्रकार के प्रश्नों का संतुलन होगा।

सप्ताह	दिनाँक	मोड्यूल	शामिल किये गए टॉपिक
सप्ताह 1	08/11/2021	"सामान्य अध्ययन I (भारतीय विरासत और संस्कृति, इतिहास और विश्व का भूगोल तथा समाज)"	भारतीय समाज
	09/11/2021		आधुनिक भारत का इतिहास
	10/11/2021		स्वतंत्रता के बाद भारत
	11/11/2021		कला एवं संस्कृति
	12/11/2021		विश्व का भूगोल
	13/11/2021		विश्व का इतिहास
	14/11/2021	निबंध 1	
सप्ताह 2	15/11/2021	"सामान्य अध्ययन II (शासन व्यवस्था, संविधान, राजव्यवस्था, सामाजिक न्याय और अंतर्राष्ट्रीय संबंध)"	भारतीय राजव्यवस्था
	16/11/2021		शासन व्यवस्था
	17/11/2021		सामाजिक न्याय
	18/11/2021		कल्याण नीतियाँ
	19/11/2021		अंतर्राष्ट्रीय संबंध
	20/11/2021		संवैधानिक सुधार
	21/11/2021	रिवीज़न टेस्ट 1 (सामान्य अध्ययन I और II)	
सप्ताह 3	22/11/2021	"सामान्य अध्ययन III (प्रौद्योगिकी, आर्थिक विकास, जैव-विविधता, पर्यावरण, सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन)"	अर्थव्यवस्था एवं आर्थिक विकास
	23/11/2021		जैव विविधता तथा पर्यावरण
	24/11/2021		आंतरिक सुरक्षा
	25/11/2021		विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी
	26/11/2021		आपदा प्रबंधन
	27/11/2021		कृषि

	28/11/2021	निबंध 2	
सप्ताह 4	29/11/2021	"सामान्य अध्ययन IV (नीतिशास्त्र, सत्यनिष्ठा और अभिवृत्ति)"	नैतिकता और ह्यूमन इंटरफेस
	30/11/2020		अभिवृत्ति और योग्यता
	01/12/2021		भावनात्मक बुद्धि
	02/12/2021		नैतिक विचारक
	03/12/2021		लोक सेवा मूल्य
	04/12/2021		केस स्टडी
	05/12/2021	रिवीज़न टेस्ट 2 (सामान्य अध्ययन III और IV)	
सप्ताह 5	06/12/2021	सामान्य अध्ययन I + सामान्य अध्ययन II	संपूर्ण पाठ्यक्रम + करेंट अफेयर्स
	07/12/2021		
	08/12/2021		
	09/12/2021		
	10/12/2021		
	11/12/2021		
	12/12/2021	निबंध 3	
सप्ताह 6	13/12/2021	सामान्य अध्ययन III + सामान्य अध्ययन IV	संपूर्ण पाठ्यक्रम + करेंट अफेयर्स
	14/12/2021		
	15/12/2021		
	16/12/2021		
	17/12/2021		
	18/12/2021		
	19/12/2021	निबंध	
	20/12/2021	संपूर्ण टेस्ट सामान्य अध्ययन 1 और सामान्य अध्ययन 2	
	21/12/2021	संपूर्ण टेस्ट सामान्य अध्ययन 3 और सामान्य अध्ययन 4	